कोटद्वार, शुक्रवार
20 मार्च 2026
वर्षः 48
अंकः 290 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### नाबालिग छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म में दो सगे भाई समेत चार गिरफ्तार

रुड़की। पुलिस ने एक विद्यालय में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रहीहै। कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया कि मंगलौर क्षेत्र निवासी एक ग्रामीण ने 16 मार्च को पुलिस को तहरीर दी थी। ग्रामीण ने बताया था कि उसकी नाबालिग बेटी एक विद्यालय में पढ़ाई कर रही है। आरोप था कि मंगलौर क्षेत्र निवासी एक युवक उनकी बेटी को बहला–फुलाकर ले गया था। जहां पर आरोपी ने नशीला पदार्थ खिलाकर छात्रा के साथ दुष्कर्म किया था।इस बीच उसके तीन दोस्त भी मौके पर पहुंच गए थे। आरोप था कि युवक के तीनों दोस्तों ने भी छात्रा को डरा धमकाकर सामूहिक दुष्कर्म किया था।

### चिमटा खाल बेंड के पास ट्रक दुर्घटनाग्रस्त, दो घायल

अल्मोड़ा। थाना सल्ट क्षेत्र के चिमटा खाल बेंड के पास एक ट्रक के गहरी खाई में गिरने से चालक और परिचालक घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को रेस्क्यू कर अस्पताल भेजा गया। पुलिस के अनुसार ट्रक संख्या यूपी 71टी 3441 लगभग 50 से 60 मीटर नीचे गिर गया। घटना में चालक दानिश पुत्र मंजूर (36) निवासी नेहटोर, जनपद बिजनौर और परिचालक अकरम पुत्र रफीक निवासी नेहटोर, जनपद बिजनौर घायल हो गए। थानाध्यक्ष सल्ट कश्मीर सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को तत्काल निजी वाहन की सहायता से रामनगर अस्पताल भिजवाया। घायलों की हालत सामान्य बताई जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ट्रक चांदपुर से चुना भरकर मार्चुला स्थित सड़क प्लांट की ओर जा रहा था। चढ़ाई और तीखे मोड़ के दौरान ब्रेक सही से न लग पाने के कारण वाहन अनियंत्रित होकर नीचे खाई में गिर गया।

### चकराता में बारिश और कोहरे से बढ़ी ठंड

विकासनगर। चकराता में गुरुवार को मौसम का मिजाज सर्द बना रहा। दोपहर बाद हुई बारिश और घने कोहरे से ठंड और बढ़ गई। अधिकतम तापमान 12 डिग्री और न्यूनतम छह डिग्री दर्ज किया गया। पिछले चार दिनों से क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। गुरुवार सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे और दोपहर करीब दो बजे हल्की बारिश शुरू हुई। कुछ देर बाद मौसम साफ हुआ, लेकिन तीन बजे के आसपास फिर झमाझम बारिश होने लगी, जिसके साथ कोहरा भी छा गया। बारिश और कोहरे के कारण लोग घरों में दुबक गए और बाजार भी सुनसान नजर आया। कोहरे और बारिश से वाहन चालकों को भी परेशानी उठानी पड़ी। सर्दी से बचाव के लिए लोग दिनभर गर्म कपड़ों में नजर आए। मार्च के अंत में बढ़ी ठंड से लोग हैरान हैं। वहीं, तेज ठंडी हवाओं और बारिश से पूलम, खुमानी, आड़ू और नाशपाती जैसी फलदार फसलों को नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

### शराब परोसने पर पांच हजार का देना होगा अर्थदंड

चमोली। गैरसैंण विकासखंड के कुशरानी गांव के पंवार बाखली में सार्वजनिक कार्यों में शराब नहीं परोसी जाएगी। गांव की महिलाओं ने बैठक कर सार्वजनिक कार्यों में पूर्णतः शराबबंदी का निर्णय लिया है। यदि कोई परिवार निर्णय की अवहेलना करता है तो संबंधित परिवार पर पांच हजार रुपये का अर्थदंड वसूला जाएगा। अध्यक्ष सावित्री देवी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में महिलाओं ने कहा कि शराब के कारण युवा पीढ़ी इसकी चपेट में आ रही है। ऐसे में महिलाओं ने गांव में सार्वजनिक कार्यों में शराबबंदी करने की ठानी है। महिलाओं ने कहा कि आगे भी बैठक कर गांव में शराबबंदी को लेकर अन्य जुर्माने भी तय किए जाएंगे।

### कांवली रोड में पुरानी रंजिश में हुए पथराव में सात गिरफ्तार

देहरादून। शहर के कांवली रोड स्थित गुरुद्वारा वाली गली में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट और पथराव हुआ। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शांति भंग करने के आरोप में दो परिवारों के सात लोगों को गिरफ्तार किया है।बुधवार को शिवाजी मार्ग निवासी दो गुटों में विवाद इतना बढ़ गया कि वे सार्वजनिक स्थान पर एक–दूसरे पर ईंट–पत्थर फेंकने लगे। लक्ष्मण चौक चौकी प्रभारी अमित कुमार के समझाने पर भी जब दोनों पक्ष शांत नहीं हुए, तो पुलिस ने राहुल सिंह, विशाल, जसपाल सिंह, बबली कौर, नम्रता, सिमरन और सीता कौर को गिरफ्तार कर लिया। चौकी प्रभारी का कहना है कि अब स्थिति सामान्य है। क्षेत्र में हुडदंग करने वालों पर सख्ती बरती जा रही है।

# बदरी-केदार में फिर गिरी बर्फ, बढ़ी ठंड



चमोली। बृहस्पतिवार को मौसम ने फिर करवट बदली और बदरीनाथ–केदारनाथ, हेमकुंड साहिब सहित सभी ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हुई। वहीं निचले क्षेत्रों में बारिश होने से जिले में फिर कड़ाके की ठंड शुरू हो गई है। लोगों ने फिर से गर्म कपड़े बाहर निकाल लिए हैं।

बदरीनाथ में आधा फीट और हेमकुंड साहिब में एक फीट बर्फ जम चुकी है। पिछले कुछ दिनों से जिले का मौसम खुशनुमा बना हुआ है। बीते रविवार को बारिश और बर्फबारी हुई थी। उसके बाद से लगातार मौसम बदला रहा है। बीते बुधवार देर रात को भी हल्की बारिश शुरू हुई, जबकि बदरीनाथ और अन्य ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी शुरू हुई। बृहस्पतिवार को भी दिनभर बदरीनाथ, हेमकुंड साहिब, फूलों की घाटी, गोरसों, नीती घाटी आदि जगहों पर रुक–रुक कर बर्फबारी होती रही। बर्फबारी के कारण चोटियां सफेद हो गई हैं जबकि ज्योतिर्मठ क्षेत्र में बारिश होती रही। दोपहर बाद गोपेश्वर व आसपास के क्षेत्रों में भी रिमझिम बारिश होने से ठंड काफी बढ़ गई है।

फसलों की वृद्धि के लिए अच्छी है बारिशः लगातार बारिश होने से काश्तकार काफी खुश हैं। इस समय हो रही बारिश गेहूं, जौ, सरसों के साथ ही सब्जियों के लिए काफी उपयोगी है। काश्तकारों का कहना है कि इस समय हो रही बारिश फसलों की वृद्धि के लिए काफी अच्छी है। इससे उत्पादन भी बेहतर होगा।

**तापमान अधिकतम न्यूनतम**
बदरीनाथ धाम 3 माइनस दो
ज्योतिर्मठ– 13 6 डिग्री
गोपेश्वर– 19 9 डिग्री
रुद्रप्रयाग : 19 12डिग्री
कर्णप्रयाग : 21 12 डिग्री

दिनभर बदलता रहा मौसम, बारिश से बढ़ी ठंडः कर्णप्रयाग। बृहस्पतिवार को दिनभर मौसम बदलता रहा। सुबह हल्की बूंदाबांदी के बाद 10 बजे मौसम साफ हो गया और धूप खिल गई। शाम 4 बजे फिर हल्की बारिश शुरू हो गई। बदलते मौसम के कारण एक बार फिर से ठंड बढ़ गई। लोगों ने जैकेट, स्वेटर पहन लिए। वहीं बेनीताल, नौटी, पुड़ियाणी, जाख, सेमी, एंड आदि ऊंचाई वाले इलाकों में ठंडी हवाएं चलती रहीं। गांवों में लोगों ने ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लिया।

### बदरीनाथ में शुरू हुए मास्टर प्लान के काम बर्फबारी से हो रहे प्रभावित

चमोली। बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के कार्य फिर से शुरू हो गए हैं। धाम में इन दिनों 100 से अधिक मजदूर कार्य में जुटे हुए हैं मगर पिछले कुछ दिनों से रुक–रुक कर हो रही बर्फबारी से कार्य प्रभावित हो रहे हैं। शीतकाल में कड़ाके की ठंड के कारण बदरीनाथ धाम के मास्टर प्लान के कार्य दिसंबर माह में बंद कर दिए गए थे। मार्च माह शुरू होते ही ठंड भी काफी कम हो गई थी। इसके बाद धीरे–धीरे धाम में मजदूर पहुंचने लगे और कार्यदायी संस्था पीआईयू ने फिर से मास्टर प्लान के कार्य शुरू कर दिए। मगर कुछ दिनों से यहां रुक–रुक कर बर्फबारी हो रही है। इससे जहां ठंड भी बढ़ गई है वहीं कार्यों को गति नहीं मिल पा रही है। पीआईयू (लोनिवि) के ईई योगेश मनराल का कहना है कि बदरीनाथ धाम में इस समय 100 से अधिक मजदूर व अधिकारी हैं, लेकिन बर्फबारी से कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

**इन कार्यों पर चल रहा काम**

– धाम में मास्टर प्लान के तहत अलकनंदा नदी के तट पर सुरक्षा दीवार का निर्माण किया जा रहा है, साथ ही सौंदर्यीकरण के कार्य भी किए जा रहे हैं। अस्पताल को हाईटेक बनाने को लेकर भी कार्य तेजी से किया जा रहा है। पैदल रास्तों का भी निर्माण किया जा रहा है।

### बाजपुर में युवती को नौकरी का झांसा देकर होटल में दुष्कर्म

काशीपुर। कोतवाली क्षेत्र में एक युवती को नौकरी दिलाने के बहाने होटल बुलाकर नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने और उसकी अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आया है।

पुलिस ने पीड़िता के भाई की तहरीर पर आरोपी युवक पर केस दर्ज किया है। बन्नाखेड़ा चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि करीब ढाई वर्ष पूर्व उसकी बहन एक सरकारी स्कूल में पढ़ाई करती थी। आरोप है कि इसी दौरान गांव गोरु निवासी दीप सिंह उसकी बहन का पीछा कर उसको परेशान करने लगा था। तहरीर के अनुसार, आरोपी दीप सिंह ने युवती को नौकरी लगवाने का झांसा दिया और साक्षात्कार के बहाने नगर के हल्द्वानी रोड स्थित एक होटल में बुलाया। वहां आरोपी ने युवती को नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ शारीरिक शोषण किया और इस दौरान उसकी अश्लील वीडियो भी बना ली। आरोप है कि वीडियो बनाने के बाद आरोपी दीप सिंह युवती को वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। इसी डर का फायदा उठाकर वह काफी समय तक उसका यौन शोषण करता रहा।

# अयोध्या पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु

### श्रीराम यंत्र स्थापना पूजन में हुईं शामिल



अयोध्या ,वासंतिक नवरात्र और हिंदी नववर्ष के प्रथम दिन अयोध्या धाम में आध्यात्मिक और ऐतिहासिक संगम देखने को मिला, जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राम मंदिर पहुंचकर 'श्रीराम यंत्रझ् स्थापना के विशेष अनुष्ठान में भाग लिया। इस अवसर पर पूरी रामनगरी भक्ति, सुरक्षा और परंपरा के रंग में रंगी नजर आई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सेना के विशेष विमान से अयोध्या पहुंचीं। यहां से वह कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच सड़क मार्ग से राम मंदिर पहुंचीं। रामनगरी में उनका पारंपरिक रीति–रिवाजों के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी उपमुख्यमंत्री केशव और ब्रजेश पाठक मौजूद रहें। राष्ट्रपति ने 'जगतगुरु आद्य शंकराचार्य द्वारझ् से अयोध्या में प्रवेश किया और मंदिर परिसर का अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने परिसर स्थित दुर्गा माता मंदिर में विधि–विधान से पूजा–अर्चना की। इस दौरान श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से सुरक्षा और दर्शन व्यवस्था में विशेष बदलाव किए गए। ट्रस्ट के मुताबिक सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक सभी वीआईपी, सुगम और विशिष्ट दर्शन पास पूरी तरह निरस्त कर दिए गए। 19 मार्च के लिए ऑनलाइन जारी किए गए सभी पास भी रद्द माने गए, जिससे श्रद्धालु केवल सामान्य व्यवस्था के तहत ही दर्शन कर सके। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि राष्ट्रपति मुर्मू मंदिर के द्वितीय तल स्थित गर्भगृह में 'श्रीराम यंत्रझ् की स्थापना के अनुष्ठान में शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि यह यंत्र भगवान श्रीराम की दिव्य शक्ति, मर्यादा और धर्म की स्थापना का प्रतीक है, जिससे मंदिर की आध्यात्मिक ऊर्जा और सुदृढ़ होगी।

# अमेरिका–इजरायल जंग के बीच ईरान ने भारत को कहा शुक्रिया

### फिर अचानक डिलीट कर दी पोस्ट



नई दिल्ली ,मिडिल ईस्ट में अमेरिका और इजरायल के साथ चल रहे भीषण युद्ध के बीच एक बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया है। भारत स्थित ईरानी दूतावास ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर चिकित्सा मदद भेजने के लिए भारत का आभार जताया, लेकिन कुछ ही घंटों के भीतर अचानक उस पोस्ट को डिलीट भी कर दिया। इस रहस्यमयी घटनाक्रम ने कूटनीतिक हलकों में कई सवाल खड़े कर दिए हैं, खासकर तब जब भारत सरकार की ओर से आधिकारिक तौर पर ईरान को कोई मदद नहीं भेजी जा रही है।

**सरकार नहीं, 'भारत के लोगों को दिया था धन्यवाद**

सूत्रों के हवाले से यह साफ किया गया है कि वर्तमान में भारत सरकार की तरफ से युद्धग्रस्त ईरान को किसी भी प्रकार की आधिकारिक चिकित्सा या राहत सामग्री नहीं भेजी गई है। दिलचस्प बात यह है कि ईरानी दूतावास ने भी अपनी हटाई गई पोस्ट में कहीं भी भारत सरकार का जिक्रनहीं किया था। दूतावास ने अपने पोस्ट में स्पष्ट लिखा था कि भारत के सम्मानित लोगों की तरफ से भेजी गई चिकित्सा सहायता की पहली खेप बुधवार को ईरान पहुंच गई है। पोस्ट डिलीट होने के बाद अब इस बात को लेकर सस्पेंस बन गया है कि आखिर यह मदद किसने भेजी थी और दूतावास को अपना आभार संदेश अचानक क्यों हटाना पड़ा।

**रेड क्रिसेंट सोसाइटी को सौंपी गई थी मेडिकल किट**

भारत स्थित ईरानी दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स पर किए गए इस पोस्ट में बाकायदा यह जानकारी भी दी थी कि भारत से मिली यह चिकित्सा सहायता ईरानी 'रेड क्रिसेंट सोसाइटी को सौंप दी गई है।

### नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

ऋषिकेश। चैत्र माह की नवरात्रि गुरुवार से शुरू हो गई है। नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की गई। देवी पूजा के लिए मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। जिससे बाजारों में भी रौनक छा गई। भक्तों ने माँ दुर्गा के दर्शनकर सुख–समृद्धि और ज्ञान के लिए प्रार्थना की। मंदिरों में पूजा–पाठ और भजन–कीर्तन का भी आयोजन किया गया।शारदीय नवरात्र में ऋषिनगरी देवी आराधना में लीन सी हो गयी है। देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है और हर कोई अपने हिसाब से पूजा–अर्चना कर रहा है। मंदिरों में घंट–घड़ियाल की ध्वनि के बीच माता को प्रसन्न किया जा रहा है। घरों में स्थापित कलश के सामने लोग दीपक जलाकर देवी के सामने शीश झुका रहे है। कोई दुर्गा सप्तशती का पाठ कर रहा है तो कहीं दुर्गा चालीसा का पाठ हो रहा है। शहर के मुख्य चौक पर स्थित दुर्गा मंदिर,मुखर्जी चौक स्थित मंदिर,भद्रकाली मंदिर,आईडीपीएल स्थित दुर्गा मंदिर समेत तमाम मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। नवरात्रि के पहले दिन का उत्साह शहरभर में छाया हुआ है। ज्योतिष डा कैलाश घिल्डियाल के अनुसार पहले नवरात्र के दिन माता शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गई। नवरात्र के पहले दिन माता की पूजा अर्चना और व्रत रखने से विशेष फल सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है। नवरात्र के नौ दिनों में प्रत्येक दिन मां दुर्गा के अलग–अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है। प्रथम दिन मां शैलपुत्री की आराधना से भक्त अपने जीवन में स्थिरता और सुख–समृद्धि की कामना करते हैं।

# मुख्यमंत्री ने किया सनातन परंपरा पर आधारित पंचांग कैलेंडर का विमोचन

### पंचांग कैलेंडर विरासत को संरक्षित करने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने का बनेगा सशक्त माध्यम



**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून** : हिन्दू नववर्ष के शुभ अवसर पर गुरूवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास पर सूचना एवं लोक संपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित पंचांग कैलेंडर का विधिवत विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इसे राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को सहेजने एवं जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। मुख्यमंत्री ने सूचना एवं लोक संपर्क विभाग के इस प्रयास की सराहना करते हुए आशा व्यक्त की कि यह पंचांग कैलेंडर राज्य के प्रत्येक नागरिक के लिए उपयोगी सिद्ध होगा और आने वाले समय में इसे और अधिक समृद्ध एवं व्यापक स्वरूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड अपनी सनातन परंपराओं, धार्मिक आस्थाओं और सांस्कृतिक मूल्यों के लिए देश-विदेश में विशिष्ट पहचान रखता है। यहां की परंपराएं केवल आस्था का विषय नहीं हैं, बल्कि यह हमारी जीवनशैली, सामाजिक संरचना और सांस्कृतिक चेतना का अभिन्न अंग हैं। ऐसे में पंचांग कैलेंडर का प्रकाशन राज्य की इस गौरवशाली विरासत को संरक्षित करने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पंचांग कैलेंडर राज्यवासियों को न केवल तिथि, वार, पक्ष, मास, पर्व एवं विशेष दिवसों की सटीक जानकारी प्रदान करेगा, बल्कि पारंपरिक त्योहारों, व्रतों और धार्मिक आयोजनों की महत्ता से भी अवगत कराएगा। इससे लोगों को अपनी संस्कृति और परंपराओं के साथ और अधिक गहराई से जुड़ने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पंचांग में देवभूमि उत्तराखंड के प्रमुख धार्मिक एवं आस्था स्थलों को विशेष रूप से स्थान दिया गया है। ये स्थल न केवल श्रद्धा के केंद्र हैं, बल्कि राज्य की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक विरासत के प्रतीक भी हैं। इस प्रकार यह कैलेंडर एक जानकारीपरक दस्तावेज होने के साथ-साथ उत्तराखंड की सांस्कृतिक झलक प्रस्तुत करने वाला प्रेरणादायक संकलन भी है।

इस अवसर पर सचिव विनय शंकर पांडेय, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

# कहीं भी सेना तैनात नहीं करेंगे- ट्रंप



नई दिल्ली ,अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ने गुरुवार को कहा कि वह कहीं भी सैनिक भेजने पर विचार नहीं कर रहे हैं। उन्होंने यह बात पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच कही, जब उनसे पूछा गया कि क्या वह सैनिक भेजेंगे।

जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से तेल और गैस क्षेत्रों पर हमले को लेकर बात की, तो ट्रंप ने कहा कि उन्होंने ऐसा न करने की सलाह दी थी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच तालमेल है। लेकिन इस्राइल कभी–कभी अपने फैसले खुद लेता है और अगर उन्हें कुछ पसंद नहीं आता तो वह उसे रोकते हैं।

ट्रंप ने यह भी कहा कि जापान के साथ अमेरिका के अच्छे संबंध हैं और हाल के दिनों में जापान ने सहयोग बढ़ाया है। ईरान पर से प्रतिबंध हटाने और सैनिक भेजने के सवाल पर ट्रंप ने दोहराया कि वह कहीं भी सैनिक नहीं भेज रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर वह ऐसा करते भी, तो सार्वजनिक रूप से नहीं बताते। उन्होंने अमेरिकी अर्थव्यवस्था का जिक्रकरते हुए कहा कि शेयर बाजार में तेजी आई है और अर्थव्यवस्था मजबूत है। ट्रंप ने कहा कि ईरान की स्थिति को देखते हुए उन्हें कार्रवाई करनी पड़ी। हालांकि, उन्हें उम्मीद थी कि इसके आर्थिक असर और ज्यादा होंगे।

ट्रंप ने कहा, यह कार्रवाई पूरी होने के बाद दुनिया ज्यादा सुरक्षित होगी। उन्होंने ईरान को दुनिया और पश्चिम एशिया के लिए एक गंभीर खतरा बताया और कहा कि इस बात से ज्यादातर देश सहमत हैं। जापानी प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची ने कहा कि जापान ईरान की गतिविधियों की निंदा करता है, खासकर पड़ोसी क्षेत्रों पर हमले और होरमुज जलडमरूमध्य को प्रभावित करने के लिए। उन्होंने कहा कि जापान ने ईरान से ऐसी गतिविधियां रोकने को कहा है।

उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया और पूरी दुनिया में सुरक्षा स्थिति गंभीर होती जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए और इसके लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग जरूरी है।

### पंजाब पुलिस ने बठिंडा में आतंकी साजिश नाकाम की, 2 आरोपी गिरफ्तार 2 हैंड ग्रेनेड बरामद

चंडीगढ़ ,पंजाब पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए बठिंडा में काउंटर इंटेलिजेंस विंग के माध्यम से एक गंभीर आतंकी खतरे को नाकाम कर दिया है। पंजाब डीजीपी के अनुसार, 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से 2 हैंड ग्रेनेड बरामद किए गए हैं। पंजाब डीजीपी के आधिकारिक एक्स हैंडल पर इस कार्रवाई से जुड़ी जानकारी पोस्ट की गई। पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच में पता चला है कि ये ग्रेनेड एक अवैध सप्लाई–चेन का हिस्सा हैं, जो सीमा पार के तत्वों से जुड़ी हुई है। इसका मुख्य मकसद पंजाब में शांति व्यवस्था भंग करना और सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डालना था। ऐसे हथियारों की तस्करी और वितरण से राज्य में अशांति फैलाने की साजिश रची जा रही थी, जिसे समय रहते पकड़ लिया गया। इस मामले में पंजाब स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने आगे की जांच शुरू कर दी है, जिसमें ग्रेनेड की पूरी सप्लाई चेन, पीछे के संपर्कों, अन्य साथियों और संभावित लक्ष्यों का पता लगाया जा रहा है। जांच में तकनीकी और मानव खुफिया जानकारी का इस्तेमाल किया जा रहा है ।

# देश की ऊर्जा सुरक्षा में कोयले की महत्वपूर्ण भूमिका

### देश की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में विस्तार



नई दिल्ली ,कोयला देश की आर्थिक वृद्धि को आधार प्रदान करने वाले इस्पात और सीमेंट जैसे प्रमुख उद्योगों को विश्वसनीय आधारभूत बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना जारी रखे हुए है। देश में कोयले का उत्पादन उपभोक्ताओं की विद्यमान मांग के अनुरूप तेज़ गति से जारी है और रेलवे के निरंतर सहयोग से उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं के अनुसार पर्याप्त आपूर्ति बनाए रखने के लिए खदानों में पर्याप्त भंडार का निर्माण किया जा रहा है। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की खानों में कोयले का भंडार, जो 1 अप्रैल 2025 को 106.78 मीट्रिक टन था, 18 मार्च 2026 को बढ़कर लगभग 125.54 मीट्रिक टन हो गया है। इसके अलावा, सिंगारेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) की खानों में लगभग 5.75 मीट्रिक टन कोयला है और कैप्टिव/वाणिज्यिक खानों में 15.75 मीट्रिक टन कोयला है। साथ ही, लगभग 12 मीट्रिक टन कोयला परिवहन में है और लगभग 5.49 मीट्रिक टन कोयला बंदरगाहों और माल भंडार में विद्यमान है। कोयले का यह भंडार बिजली संयंत्रों में पहले से उपलब्ध कोयले के अतिरिक्त है, जो लगभग 53.41 मीट्रिक टन है और वर्तमान खपत दर के हिसाब से लगभग 23 दिनों के लिए पर्याप्त है। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) लघु, मध्यम और अन्य उपभोक्ताओं सहित सभी उपभोक्ताओं को कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त उपाय कर रही है। एक सक्रिय कदम के रूप में, सीआईएल ने मार्च 2026 में लगभग 23.56 मीट्रिक टन कोयले की पेशकश के साथ 29 ई–नीलामियों की योजना बनाई है। इन 29 नीलामियों में से, 12 मार्च, 2026 से अब तक 5 नीलामियां आयोजित की जा चुकी हैं, जिनमें 73.1 लाख टन कोयले की पेशकश की गई थी और 31.96 लाख टन कोयले की बुकिंग हो चुकी है, जो ई–नीलामियों में पेश किए गए कोयले की पर्याप्तता को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, सीआईएल ने राज्य नामित एजेंसियों (एसएनए) के माध्यम से लघु, मध्यम और अन्य उपभोक्ताओं को कोयले की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं और राज्य सरकारों से अतिरिक्त कोयले की आवश्यकता प्रदान करने का अनुरोध किया है, जिसे ऊर्जा की कमी से बचने के लिए पूरी तरह से पूरा किया जा सकता है।

# युद्ध में ड्रोन व काउंटर ड्रोन की बड़ी भूमिका, हमें आत्मनिर्भर ड्रोन इकोसिस्टम की जरूरत : राजनाथ सिंह



नई दिल्ली ,रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित नेशनल डिफेंस इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि आज जब पूरी दुनिया रूस और यूक्रेन के साथ–साथ ईरान–इजरायल के बीच जारी संघर्ष को देख रही है, तो हम साफ देख सकते हैं कि फ्यूचर वॉरफेयर में ड्रोन्स और काउंटर–ड्रोन टेक्नोलॉजी की बहुत बड़ी भूमिका है। उन्होंने बताया कि आज भारत में एक ऐसे ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम के निर्माण की जरूरत है, जिसमें हम पूरी तरह आत्मनिर्भर हों। यह आत्मनिर्भरता सिर्फ प्रोडक्ट के स्तर पर ही नहीं बल्कि कंपोनेंट के स्तर पर भी जरूरी है। यानी ड्रोन के मॉड्यूल से लेकर सॉफ्टवेयर, इंजन और और बैटरी सभी भारत में ही बने। यह काम आसान नहीं है क्योंकि अधिकांश देशों में जहां ड्रोन्स बनते हैं, वहां कई महत्वपूर्ण कंपोनेंट चीन से आयात किए जाते हैं। नेशनल डिफेंस इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव का उद्देश्य स्वदेशी रक्षा उपकरण के निर्माण को प्रोत्साहित करना है। यह भारत में रक्षा उपकरण बनाने का मजबूत तंत्र स्थापित करने का एक बड़ा प्रयास है। खास तौर पर प्राइवेट कंपनियों, छोटे और मध्यम उद्योगों, यानी एमएसएमई को इस सेक्टर से जोड़ने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि वे भी डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग में हिस्सा ले सकें। यहां मौजूद राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत की रक्षा तैयारियों और रणनीतिक स्वायत्तता के लिए यह जरूरी है कि भारत ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग में पूरी तरह आत्मनिर्भर बने। उन्होंने यहां मौजूद एमएसएमई व अन्य लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि इस काम में देश को आप सभी की जरूरत है। सरकार की तरफ से आपको हर तरह का समर्थन प्राप्त होगा। हम सबको मिलकर मिशन मोड में काम करना होगा ताकि 2030 तक भारत, स्वदेशी ड्रोन निर्माण का ग्लोबल हब बन जाए।

उन्होंने कहा कि किसी भी देश के डिफेंस इंडस्ट्रियल इकोसिस्टम को बनाने में जहां पर बड़ी इंडस्ट्रीज, एमएसएमई, स्टार्टअप्स और इनोवेटर्स का हाथ होता है। वहीं, सरकार की तरफ से देश की रक्षा जरूरतों के अनुसार स्पष्ट पॉलिसी पुश का भी हाथ होता है।

### प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नव संवत्सर के पावन अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली , प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नव संवत्सर के शुभ अवसर पर देशवासियों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं और समृद्धि से भरे वर्ष तथा राष्ट्रीय प्रगति के प्रति नए संकल्प की कामना की है। नव संवत्सर के अत्यंत विशेष अवसर पर सभी को अपनी शुभकामनाएं देते हुए, प्रधानमंत्री ने प्रार्थना की कि आने वाला नव वर्ष प्रत्येक के जीवन में साहस, आत्मविश्वास और सेवा की भावना को मजबूत करे। श्री मोदी ने आगे उम्मीद जताई कि ये मूल्य राष्ट्र निर्माण की दिशा में किए जा रहे सामूहिक प्रयासों को नई गति प्रदान करेंगे, और साथ ही उन्होंने सभी नागरिकों के लिए असीम सुख, सफलता और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। देशवासियों को नव संवत्सर की अनंत शुभकामनाएं। मेरी कामना है कि यह नया साल आप सभी के जीवन में साहस, आत्मविश्वास और सेवा की भावना को और सशक्त करे, जो राष्ट्र निर्माण के प्रयासों को भी नई मजबूती दे। नव संवत्सर के अत्यंत विशेष अवसर पर सभी को शुभकामनाएं।

# श्रीनगर में इंटरनेशनल साइबर फ्रॉड रैकेट का भंडाफोड़, 7 आरोपी गिरफ्तार

श्रीनगर ,श्रीनगर में एक बड़े हाईटेक इंटरनेशनल साइबर फ्रॉड रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। सीआईके–सीआईडी को पहले ही कई भरोसेमंद और तकनीकी इनपुट मिले थे कि कुछ गुप्त कॉल सेंटर धोखाधड़ी वाली ऑनलाइन गतिविधियों में शामिल हैं। ये कॉल सेंटर विदेशी और स्थानीय लोगों को निशाना बनाकर उन्हें धोखा देने का काम कर रहे थे। इस जानकारी के मिलने के बाद सीआईके ने तुरंत एक खास टीम बनाई, जिसमें तकनीकी विशेषज्ञ और फील्ड ऑपरेटिव्स शामिल थे। टीम ने कई जगहों पर निगरानी रखी, डिजिटल इंटेलिजेंस इक्ा किया और सब कुछ वेरिफाई किया। काफी मेहनत और जांच के बाद टीम को श्रीनगर के रंगरेथ इंडस्ट्रियल एरिया में एक मुख्य ऑपरेशनल हब का पता चला। इसके बाद टीम ने शहर के अलग–अलग हिस्सों में तेज और समन्वित छापेमारी की। इस छापेमारी के दौरान सात संदिग्धों को पकड़ा गया और बड़ी मात्रा में डिजिटल उपकरण जब्त किए गए।

जब्त किए गए सामान में 13 मोबाइल फोन, 9 लैपटॉप, वीओआईपी सिस्टम, सिम कार्ड, नेटवर्किंग डिवाइस और डिजिटल स्टोरेज मीडिया शामिल थे। इनमें से काफी सारे डिजिटल और कम्युनिकेशन उपकरण ऐसे थे जिनसे साफ पता चलता था कि यह एक अत्यंत संगठित और तकनीकी रूप से उन्नत आपराधिक नेटवर्क था।

## एक नजर

### त्योहार सीजन में पुलिस ने कसी कमर, दी चेतावनी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** त्योहार सीजन में यातायात व कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। गुरुवार को पुलिस ने अतिक्रमणकारियों को भी सख्त चेतावनी दी। कहा कि यदि कोई भी व्यापारी दुकान का सामान सड़क पर रखता है तो कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पुलिस ने आमजन से भी व्यवस्थाओं में सहयोग की अपील की। नवरात्र व त्योहार सीजन में बड़ी संख्या में लोग बाजार खरीदारी करने के लिए पहुंच रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए बाजार क्षेत्र में पुलिस की अलग-अलग टीमें गश्त पर डटी हुई है। शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रदीप नेगी ने बताया कि शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कुछ दिन पूर्व पीस कमेटी की भी बैठक आयोजित की गई थी। लोगों से व्यवस्थाओं में सुधार के लिए पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई है। उच्च अधिकारियों के नेतृत्व में टीमें लगातार गश्त पर डटी हुई है। यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए अतिक्रमण पर भी ध्यान दिया जा रहा है। लोगों से अपना सामान सड़क पर न लगाने की अपील की जा रही है। बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सरूखेत में जाम से निजात दिलाने के लिए पार्किंग का विस्तार हो

उत्तरकाशी। यमुनोत्री धाम के प्रमुख पड़ाव नगर पालिका के वार्ड सात में सरुखेतवासियों ने पार्किंग स्थल के विस्तार की पुरजोर मांग उठाई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पार्किंग का विस्तार होने से चारधाम यात्रा के दौरान सरुखेत क्षेत्र में लगने वाले जाम से निजात मिलेगी। स्थानीय होटल व्यवसायियों अनिल रावत, अजयपाल राणा, कामेश शाह, अतर सिंह, ममलेश मदन आदि का कहना है कि पूर्व में नगर पालिका ने करीब आठ लाख का बजट खर्च कर पार्किंग स्थल विकसित की थी लेकिन वह भी चारधाम यात्रा में बढ़ते ट्रैफिक दबाव के चलते अपर्याप्त साबित हो रही है। ऐसे में वाहन चालकों को मजबूरन हाईवे के किनारे खड़े करने पड़ते हैं जिससे जाम की स्थिति बन जाती है।

उनका कहना है कि वर्षों से यहां पर पार्किंग स्थल की मांग को लेकर पूर्व के करीब चार–चार जिलाधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण किया लेकिन अभी तक पार्किंग का विस्तारीकरण न होने से पार्किंग की समस्या जस की तस बनी है।

### नदी में बिछाई टाइल, रास्ते के नाम पर डूबे लाखों रुपये

उत्तरकाशी। घुंडाड़ा गांव में स्पेशल कंपोनेंट प्लान के तहत मरघट के सार्वजनिक रास्ते के निर्माण में अनियमितताओं का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की है। तहसील मुख्यालय से करीब पांच किलोमीटर दूर स्थित घुंडाड़ा गांव में लघु सिंचाई विभाग की ओर से लगभग 26 लाख की लागत से गांव से कमल नदी घाट तक दीवार व इंटरलॉकिंग मार्ग का निर्माण कराया जाना था लेकिन ठेकेदार ने मानकों की अनदेखी करते हुए कार्य को गलत स्थान पर कर दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि घुंडाड़ा गांव के नीचे कमल नदी पुल के पास, जहां बरसात के समय नदी का जलस्तर बढ़ने पर पूरा क्षेत्र डूब जाता है। वहीं, पहले से भरे गए कॉलम के ऊपर बिना दीवार व खंडजा तैयार किए सीधे इंटरलॉकिंग टाइल बिछा दी गई।

### आपदा और भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर कांग्रेसी आज देगी धरना

उत्तरकाशी। जिला कांग्रेस कमेटी ने जनपद में भ्रष्टाचार और आपदा राहत कार्यों की अनदेखी पर आरपार की लड़ाई लड़ने का मन बनाया है। कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष मनीष राणा ने विभिन्न मुद्दों के निस्तारण की मांग को लेकर शुक्रवार से कलेक्ट्रेट परिसर में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने का एलान किया है। उन्होंने बृहस्पतिवार को प्रेस नोट जारी कर कहा कि जनपद में आई आपदा के बाद सुरक्षात्मक कार्य अभी तक धरातल पर नहीं उतर पाए हैं। धराली आपदा प्रभावितों के पुनर्वास व राहत पैकेज की दिशा में कोई ठोस निर्णय सरकार ने नहीं लिया है जिससे प्रभावित परिवार दर–दर भटकने को मजबूर हैं।

उन्होंने हर्षिल झाला में शराब की दुकान खोलने का मुद्दा उठाते हुए इसका पुरजोर विरोध किया। सभी गंभीर मुद्दों को लेकर शुक्रवार से कलेक्ट्रेट परिसर में कांग्रेसियों के साथ अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे।

# क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवार, आबादी में धमक रहे जानवर


कोटद्वार के सनेह क्षेत्र में क्षतिग्रस्त हाथी सुरक्षा दीवार

**जंगली जानवरों की धमक रोकने के लिए बनाई गई थी सुरक्षा दीवार**
**क्षतिग्रस्त दीवार को लांघकर आबादी में प्रवेश कर रहे जंगली जानवर**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : आबादी में हाथी सहित अन्य जंगली जानवरों की धमक रोकने के लिए बनाई गई सुरक्षा दीवार केवल शोपीस बनकर रह गई है। जगह-जगह दीवार क्षतिग्रस्त होने के कारण जंगली जानवर आबादी में प्रवेश कर रहे हैं। आए दिन जंगल से सटे मार्गों पर हाथी की धमक देखी जाती है। ऐसे में मानव वन्य जीव संघर्ष का खतरा बना रहता है।

जंगली जानवरों की सबसे अधिक परेशानी सनेह क्षेत्र में बनी रहती है। दरअसल, वर्ष 2014-15 में सनेह क्षेत्र के रामपुर में हाथियों को रोकने के लिए करीब 1150 मीटर सुरक्षा दीवार बनाई गई थी। उम्मीद थी कि सुरक्षा दीवार निर्माण के बाद हाथी आबादी में प्रवेश नहीं कर पाएंगे, लेकिन वर्तमान में यह हाथी सुरक्षा दीवार जगह-जगह से टूट चुकी है।

ऐसे में आए दिन आबादी में हाथी की धमक बनी रहती है। हाथी आबादी क्षेत्र में सबसे अधिक नुकसान काश्तकारों को पहुंचाता है। बड़ी मेहनत से फसल उगाने के बाद अंत में हाथी उसे चट कर जाता है। यही स्थिति महाविद्यालय से घराट को जाने वाले मार्ग की भी बनी हुई है। यहां भी हाथी सुरक्षा दीवार क्षतिग्रस्त होने से हाथी आसानी से आबादी में पहुंच जाता है। यही नहीं उक्त मार्ग पर गुलदार की भी धमक बनी रहती है। मार्ग पर जंगली जानवरों की चहलकदमी से मानव वन्य जीवन संघर्ष का खतरा बढ़ गया है। क्षेत्रवासी महेंद्र कुमार, राजीव सिंह ने बताया कि देखरेख के अभाव में हाथी सुरक्षा दीवार जर्जर हो चुकी है। ऐसे में अब यह दीवार जानवरों को नहीं रोक पा रही है। सनेह क्षेत्र में जंगल के आसपास फेंसिंग लाइन भी बिछाई गई थी। लेकिन, वह भी पूरी तरह टूट चुकी है। कहा कि वन विभाग को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।

**स्ट्रीट लाइट तक नहीं**

जंगल से सटे आबादी इलाकों में पर्याप्त स्ट्रीट लाइट तक उपलब्ध नहीं है। ऐसे में सबसे अधिक परेशानी रात के समय आवागमन करने वालों को होती है। सनेह वासियों ने जंगल से सटी सड़कों पर लाइट लगाने के लिए कुछ माह पूर्व वन विभाग व नगर निगम को पत्र भी दिया था। लेकिन, अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। ऐसे में रहागीरों के लिए जंगली जानवर कब मुसीबत बन जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता।

### बहुद्देशीय शिविर में ग्रामीणों ने अधिकारियों को गिनवाई समस्याएं

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : प्रखंड एकेश्वर के न्यायपंचायत मौदाडी में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों की तरफ से मूलभूत समस्याओं सहित 28 शिकायतें दर्ज करवाई गई। जिसमें से अधिकांश शिकायतों को मौके पर ही निस्तारित करवा दिया गया, बाकी समस्याओं के निस्तारण के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उपजिलाधिकारी रेखा आर्य की अध्यक्षता में बहुउदेशीय शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी के सम्मुख बिजली, पानी, सड़क स्वास्थ्य सहित 28 समस्याओं को उठाया, जिनमें से अधिकांश समस्याओं को उपजिलाधिकारी ने मौके पर ही निस्तारित किया। बाकी समस्याओं के निस्तारण के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप हर व्यक्ति तक सभी योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्राथमिकता है और किसी भी शिकायत को लंबित न रखा जाए। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी सौरभ हांडा, बनेश कुमार, पुष्कर चौहान, योगेश जंगपांगी, हेमंती रावत मौजूद रहे।

# 11.68 ग्राम गांजे के साथ व्यक्ति गिरफ्तार


पुलिस हिरासत में गांजे के साथ पकड़ा गया आरोपी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है। धुमाकोट पुलिस ने 11.68 ग्राम गांजे के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। व्यक्ति के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई की गई है। पुलिस धुमाकोट के दिगोलीखाल बाजार के समीप वाहन तलाशी अभियान चला रही थी। इसी दौरान पुलिस ने बाजार में एक संदिग्ध व्यक्ति को घूमते हुए देखा। पुलिस ने व्यक्ति को रोककर थैलों की तलाशी ली तो उसके भीतर से गांजा बरामद हो गया। आरोपित की पहचान ऊधमसिंह नगर, काशीपुर निवासी सुमित के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसने यह गांजा जनपद अल्मोडा के बंदरकोट से खरीदा जिसे वह काशीपुर एक व्यक्ति को बेचने के लिए लेकर जा रहा था।

# गुलदार की धमक, दहशत में ग्रामीण



**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पर्वतीय क्षेत्रों में गुलदार की धमक थमने का नाम नहीं ले रही। प्रखंड बीरोंखाल के अंतर्गत ग्राम सभा के खोपड़ागढ़ी में इन दिनों गुलदार की धमक बनी हुई है। आए दिन गुलदार ग्रामीणों को गांव के आसपास घूमता हुआ दिखाई दे रहा है। जिससे ग्रामीणों में खौफ बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार के आतंक से निजात दिलवाने की मांग की है।

इन दिनों से बीरोंखाल क्षेत्र में गुलदार का आतंक बना हुआ है, आए दिन गुलदार आबादी क्षेत्र में आकर गौशालाओं के दरवाजे तोड़कर मवेशियों को अपना निवाला बना रहा है। विगत दिनों गुलदार ने नीलम रावत के दो गाय, एक बछडे व एक बकरी को अपना निवाला बना दिया। ग्रामीण संजय रावत ने कहा कि गुलदार के भय के कारण वे अपने बच्चों को स्कूल तक नहीं भेज पा रहे है। कहा कि स्कूल जाने वाले बच्चों पर गुलदार कब हमला कर दे कह नहीं सकते हैं, ऐसे में ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार के आंतक से निजात दिलाने की मांग की है। कहा कि गांव के आसपास पिंजरा लगाने से गुलदार को पिंजरे में कैद किया जा सकता है।

### आंदोलन पर डटी रहीं महिलाएं

श्रीनगर गढ़वाल : शराब के ठेके के विरोध में महिलाओं ने नवरात्र के पहले दिन भी क्रमिक अनशन जारी रखा और प्रदर्शन किया। महिलाओं ने कहा कि नवरात्र पर घरों में पाठ और मंदिरों में भजन-कीर्तन के बजाए यहां आंदोलन करना पड़ रहा है। जब तक ठेका यहां से नहीं हटाया जाता आंदोलन जारी रहेगा। नवरात्र पर श्रद्धालु देव डोलियों को गंगा स्नान के लिए ला रहे थे। वहीं क्रमिक अनशन के पांचवें दिन धरने आंदोलन पर बैठीं भडडू देवी और मगनी देवी ने रुंधे गले से कहा कि आज नवरात्र का पहला दिन है। आज हमें अपने घरों के मंदिर में दीप जलाना था और हरियाली बोनी था, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि हमें मजबूरी में धरना देना पड़ रहा है। आने वाली पीढ़ी को शराब से बचाने के लिए सड़कों पर बैठने के लिए मजबूर हैं। सावित्री देवी और रिखी देवी ने कहा कि प्रशासन हमारी आस्था के साथ खिलवाड़ कर रहा है।

# चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की हुई पूजा


कोटद्वार के सिद्धबली स्थित दुर्गा मंदिर में माता के दर्शन को पहुंचे श्रद्धालु

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : गुरुवार से चैत्र नवरात्र की शुरुआत हो चुकी है। पहले दिन भक्तों ने माता के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की आराधना की। भक्तों ने मां दुर्गा से अपने लिए खुश शांति की कामना की।

चैत्र नवरात्र को लेकर क्षेत्र के मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया था। कई मंदिरों में माता की विशेष पूजा अर्चना की जा रही थी। मंदिरों में सुबह से भक्त माता के दर्शन को पहुंच रहे थे। घरों में भी महिलाओं ने घट स्थापना कर विशेष पूजा अर्चना की। कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य स्थित श्री दुर्गा माता मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही थी। मंदिर में माता का विशेष पाठ किया गया। शाम के समय मंदिरों में महिलाओं ने सामूहिक कीर्तन भी किया। देवी मंदिर में भी माता की विशेष पूजा अर्चना की गई। भक्तों ने व्रत रखकर माता की उपासना की। पाटीसैंण स्थित ज्वाल्पा देवी मंदिर में माता का विशेष पूजन किया गया। दूर-दूर से माता के दर्शनों को श्रद्धालु पहुंचे हुए थे।

# चैत्र नवरात्रि का दिव्य एवं भव्य शुभारंभ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : प्रथम नवरात्रि के पावन प्रभात में ब्रह्ममुहूर्त के शुभ क्षणों में मंदिर के मुख्य पुजारियों ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों की मंगल ध्वनि के बीच गर्भगृह में प्रवेश कर माँ भगवती का पूजन-अर्चन प्रारम्भ किया। तत्पश्चात विधि-विधान से चंडी पाठ का शुभारम्भ हुआ, जिससे सम्पूर्ण क्षेत्र भक्तिमय ऊर्जा से आलोकित हो उठा। प्रथम दिवस पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने सम्पूर्ण क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया, जहाँ हर ओर ह्नजय माता दीह्न के जयघोष गूंज उठे। प्रथम दिवस की पावन पूजा माँ भुवनेश्वरी के शैलपुत्री स्वरूप को समर्पित रही।

मंदिर समिति के पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया। भजन प्रतियोगिता में आस्था मंडली जसकोट, नागराज मंडली रैदुल सहित अन्य महिला मंगल दलों ने अपनी सुरमयी प्रस्तुतियों से वातावरण को भक्तिरस में डुबो दिया, वहीं प्रवचन प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र आयुष्मान ने कालिमठ और हेमन्त ने सिद्धबली पर अपने ओजस्वी वचनों से सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नवीन ममगाईं द्वारा किया गया। उन्होंने जानकारी दी कि



यह धार्मिक एवं सांस्कृतिक श्रृंखला 25 मार्च तक निरंतर चलती रहेगी। मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिगंबर जुयाल एवं सचिव सतीश जुयाल ने बताया कि प्रतिदिन भक्ति, संस्कृति और सेवा का यह संगम यहां देखने को मिलेगा। साथ ही सभी श्रद्धालुओं के लिए नित्य भंडारे की भी व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर स्थानीय समिति के अध्यक्ष नवीन जुयाल, अनसूया प्रसाद सुन्दरियाल, दिनेश जुयाल, शिवप्रसाद जुगरान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। वही मां भुवनेश्वरी मंदिर संगुड़ा बिलखेत में मां भुवनेश्वरी चौक बिलखेत से मंदिर तक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। मंदिर के मुख्य पुजारी नागेंद्र प्रसाद शैलवाल ने बताया प्रथम दिवस भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन किए और पूजा अर्चना कर मां आशीर्वाद लिया। मां भुवनेश्वरी मिशन के सचिव सोम नैथानी, कोष अध्यक्ष आलोक नैथानी, गेंद मेला समिति के अध्यक्ष सोहन सिंह नेगी, प्रेम सिंह नेगी, मनोज नैथानी, जोगेंद्र सिंह नेगी सहित कई गांवों की महिला मंगल दलों की कीर्तन मंडलियों ने मंदिर परिसर मां के भजनों से मंदिर परिसर को भक्तिमय कर दिया।

### श्रीनगर में निकाली भव्य शोभायात्रा

श्रीनगर गढ़वाल : श्री जयदयाल अग्रवाल संस्कृत उत्तरमध्यमा विद्यालय में भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा, विक्रमी संवत 2083 के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शोभायात्रा निकाली और सभी को हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। कहा कि इसी दिन से वसंत ऋतु का शुभारंभ भी होता है। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक हरीश अग्रवाल, प्रवक्ता सुनील प्रसाद फोंदणी, गिरीश चंद्र डिमरी, द्वारिका प्रसाद कपरुवाण, मुकेश प्रसाद पंत आदि मौजूद रहे। वहीं श्री राम सेवा दल की ओर से भी नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।


**मित्रग्राम भ्रातृ मंडल सेवा समिति**
**ग्राम मित्रग्राम, पोस्ट ऑफिस ग्वील सिलोगी,**
**तहसील जाखणीखाल, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड-246173**

पत्रांक : 001 दिनांक : 12-03-2026

मित्रग्राम भ्रातृ मंडल सेवा समिति जिसका कार्यालय ग्राम मित्रग्राम, पोस्ट ऑफिस ग्वाली सिलोगी, तहसील जाखणीखाल, पौड़ी गढ़वाल है के पंजीकरण हेतु उप-निबन्धक, फर्म्स सोसइटीज एन्ड चिट्स, पौड़ी गढ़वाल को आवेदन किया गया है।

यदि किसी को इससे कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन के इस दिनों के अंदर उप-निबन्धक को सूचित करे।

(सुरेन्द्र प्रसाद जखमोला)
सचिव


# चैत्र नवरात्र शुरू, मां शैलपुत्री की पूजा

पौड़ी/श्रीनगर गढ़वाल : गुरूवार से पावन चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ हो गया है। नौ दिनों तक चलने वाले इस पर्व में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। पहले दिन भक्तों ने विधि-विधान से कलश स्थापना कर मां शैलपुत्री की आराधना की।

नवरात्र के दौरान दुर्गा सप्तशती का पाठ बेहद फलदायी माना जाता है। मान्यता है कि इसके पाठ से रोग, भय, बाधाएं और नकारात्मकता दूर होती है, जबकि सुख, समृद्धि और शक्ति की प्राप्ति होती है। जनपद पौड़ी गढ़वाल के ज्वाल्पा देवी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी। मंदिरों को फूलों और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। सिद्धपीठ चंद्रबदनी में चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री के पूजन के साथ घट स्थापना की गई। मुख्य पुजारी पं. राकेश भट्ट व पुरोहित पं. सुनील सेमल्टी ने भुनेश्वरी यंत्र का पूजन कर देवी भागवत पाठ की शुरुआत की। चंद्रबदनी मंदिर समिति अध्यक्ष आनंद भट्ट, सचिव बच्चीराम भट्ट, शक्ति प्रसाद भट्ट, भूपति भट्ट, शशि भट्ट आदि ने मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं की पूजाएं संपन्न कराईं। लोक वादक भारती दास व सोहनलाल ने भगवती के जागरों के साथ नौरता मंडाण की शुरुआत की। समिति के अध्यक्ष आनंद भट्ट ने बताया कि नवरात्र में श्रद्धालुओं के लिए पेयजल व भंडारे की व्यवस्था की गई है। (एजेंसी)

### हाईवे पर धूल की समस्या लोगों के लिए बनी मुसीबत

श्रीनगर गढ़वाल : ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे पर इन दिनों धूल की समस्या लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन गई है। रेलवे परियोजना में लगे डंपर और ट्रकों से सड़क पर गिर रही मिट्टी लोगों के स्वास्थ्य पर असर डाल रही है। श्रीकोट पुल से गैस गोदाम तक के मार्ग पर यह समस्या ज्यादा बनी हुई है। हाईवे पर भारी वाहनों की आवाजाही के कारण जगह-जगह मिट्टी गिर रही है जो सूखकर धूल में तब्दील हो जाती है।

# स्वयं सेवियों ने दिया स्वच्छता और पर्यावरण का संदेश

**जयन्त प्रतिनिधि।**

लैंसडौन : भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस पर स्वयं सेवकों ने सफाई अभियान चलाया। शिविर के दौरान जहां एक ओर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया, वहीं दूसरी ओर युवाओं को तकनीकी ज्ञान से सशक्त बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

स्वयं सेवकों ने जीआईसी लैंसडौन जयहरीखाल एवं अभिनव आवासीय विद्यालय के आसपास के क्षेत्रों में व्यापक सफाई अभियान चलाया। इस दौरान लंबे समय से बंद पड़ी पानी निकासी नालियों की सफाई की गई,



जिससे जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। साथ ही जयहरीखाल स्थित पानी आपूर्ति टैंक के बाहरी क्षेत्र में फैले प्लास्टिक कचरे को एकत्र कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। बौद्धिक सत्र में महाविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ. कमल कुमार ने स्वयं सेवकों को आधुनिक तकनीकी कौशलों के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने स्वयं सेवकों को डिजिटल युग में आवश्यक कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया।


**उत्तर रेलवे**

**शुद्धि पत्र**

नीचे दी गयी निविदा दिनांक 07.04.2026 को खोली जानी है। GCC Corrigendum Slip 11 के अनुसार EMD राशि, PG व अन्य शर्तों में भी परिवर्तन किया गया है इसके लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in संलग्न Tender Document पर देखें। निविदा की अन्य नियम व शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

| SN | Tender No. | Name of work | Tender Open Date | Open EMD Amount | New EMD Amount |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 325-DRM-MB-25-26 | Improvement of Water supply arrangement at Chandausi, Raja Ka Sahaspur, Babrala, Rajghat Aonla. | 07.04.2026 | 290900.00 | 563700.00 |
| 2 | 318-DRM-MB-25-26 | Renewal of 63 Nos Turnouts(3 No(s) 1 in 12 FS+CS+CMSC; 7 Nos 1 in 12 CS+CMSC; 31 Nos 1 in 8.5 CS+CMSC; 01 No Diamond Xing single slip and 21 nos Trap)and other associated works and Deep screening work, removal of muck and other associated works in connection with Improvement of MB, CH, SSKA, MCV, KD, RJK, JRJ, GTF, SHTS, AFR, DUB, KEG, AO, BJ, DN, BTG, RGB, AUR yards under Sr. DEN/HQ/MB. | 07.04.2026 | 321000.00 | 687300.00 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 935/26

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रु.) | कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्योरिटी | कार्य के पूरा करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवं कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 07/वरिष्ठ म.वि. अभि./सा./मुरा/2026-CONCOR-GCT के अंतर्गत जारी में सार्वजनिक यातायात सुविधा उपलब्ध कराने के लिए विद्युत कार्य। | 10121737.86 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, मुरादाबाद | 200600.00 | 12 (बारह माह) | निविदाएँ दिनांक 06.04.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जाएगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, मुरादाबाद |

सूचना संख्या: 08/2026 दिनांक: 17.03.2026 923/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/प्रथम द्वारा ई टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 327-DRM-MB-25-26 18.03.2026 | 329-DRM-MB-25-26 18.03.2026 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Lubrication of curves using contractor's own track based Rail Gauge Face Lubricator (Electronic Type) - 47 nos in the jurisdiction of Sr.DEN/I/MB. | Construction of crew and guard lobby with attached male & female toilet / washroom, crew waiting hall, CLI counselling room, Simulator room, CCC room, SNC room and store room at HW station |
| निविदा का प्रकार | Service | Works |
| निविदा की कीमत | 10,000.00 | Nil |
| अनुमानित लागत | 7,55,76,813.10 | 1,21,23,436.67 |
| धरोहर राशि | 5,27,900.00 | 2,42,500.00 |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 16.04.2026 16:00 | 15.04.2026 16:00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 02.04.2026 | 02.04.2026 |
| आफर की वैधता | 90 Days | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 60 Months | 06 Months |

नं. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 18.03.2026 940/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संक्षिप्त समाचार

### जिलासू–आली मार्ग का निर्माण पूरा करने की मांग

चमोली। विकासखंड पोखरी के अंतर्गत जिलासू–आली मोटर मार्ग डेढ़ दशक से अधूरा पड़ा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर निर्माण कार्य जल्द पूरा करने की मांग की। आली के पूर्व प्रधान तेजपाल सिंह बर्त्वाल, कांडई की प्रधान प्रभा देवी, गिरसा के पूर्व प्रधान अनूप प्रकाश चौहान, मदन सिंह राणा आदि ने कहा कि 13 किमी लंबे जिलासू–आली मार्ग को वर्ष 2012 में स्वीकृति मिली। मगर आज तक काम पूरा नहीं हो पाया है।

आली से मस्ट गांव तक छह किमी और जिलासू से करीब पांच किमी सड़क की कटिंग हो चुकी है। मगर बीच में किमी सात और आठ कुल दो किमी की कटिंग अटकी हुई है। ग्रामीणों के आंदोलन के बाद विभाग ने जेसीबी तो भेजी लेकिन कार्य सुस्त गति से चल रहा है। मार्ग न बनने से ग्रामीणों को जिला मुख्यालय गोपेश्वर जाने के लिए 40 किमी अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। सड़क बन जाए तो मस्ट गांव, सौडामगरा, बीणा, नागधार, सतूण, आली, कांडई, झिलोटी, शरणा, ऐरास, गिरसा और जिलासू गांव के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

### फील्ड कर्मियों को दिया जा रहा जनगणना का प्रशिक्षण

चमोली । जनगणना की तैयारियों के क्रम में जिला प्रशासन की ओर से फील्ड कर्मियों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें 30 फील्ड कर्मियों को जनगणना संबंधी जरूरी प्रक्रियाओं के बारे में बताया जा रहा है। आगामी जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर जिला सभागार में जनगणना कर्मियों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश ने बताया कि 18 से 20 मार्च तक यह प्रशिक्षण दिया जाएगा। पहली बार जनगणना पूरी तरह से डिजिटल होगी। पहले चरण में मकान सूचीकरण व आवास गणना और दूसरे चरण में जनसंख्या गणना की जाएगी। प्रशिक्षण में कर्मियों को मोबाइल ऐप के माध्यम से सटीक डेटा संकलन, जीपीएस तकनीकी से गणना ब्लॉक का सही सीमांकन, जाति, सामाजिक व आर्थिक डेटा की सही प्रवृष्टि, सुरक्षित और पारदर्शी डिजिटल रिकार्ड प्रबंधन के बारे में जानकारी दी जा रही है। इस दौरान मास्टर ट्रेनर व मुख्य कृषि अधिकारी चमोली जयप्रकाश तिवारी, जिला सूचना अधिकारी विज्ञान सुशीला सहित सभी फील्ड ट्रेनर व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### पैदल मार्ग का सुधारीकरण कार्य शुरू

चमोली। नगर पालिका ने आखिरकार सरस्वती विहार के पैदल मार्ग का सुधारीकरण कार्य शुरू कर दिया है। रास्ते के साथ ही नाली निर्माण का काम भी किया जा रहा है। स्थानीय लोगों की मांग पर पालिका प्रशासन की ओर से रास्ते पर डामर बिछाया जा रहा है।

जल संस्थान की ओर से इस मार्ग पर पेयजल लाइन भी बिछाई गई। करीब दो माह तक लाइन बिछाने के बाद मार्ग का निर्माण अधूरा छोड़ा गया है। अब निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। क्षतिग्रस्त पड़ी नाली का भी नए सिरे से निर्माण किया जा रहा है। रास्ते पर पानी जमा होने के कारण नाली को भी दो हिस्सों में बांट दिया गया है। इससे घरों से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी भी ठीक ढंग से हो पाएगी। नगर पालिका अध्यक्ष संदीप रावत ने बताया कि रास्ते का सुधारीकरण कार्य शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा।

### महिलाओं ने अवैध शराब के खिलाफ निकाली रैली

रुद्रप्रयाग। केदारघाटी में बढ़ते अवैध शराब के कारोबार के विरोध में महिलाओं ने फाटा बाजार में जागरूकता रैली निकालकर विरोध दर्ज किया। महिला मंगल दल के नेतृत्व में बडासू जामू खड़िया धानी समेत आसपास के गांवों की महिलाओं ने फाटा से बैरंगना तक जुलूस निकाला। इसके बाद फाटा बाजार में सभा की। महिलाओं ने कहा कि कुछ दिन पहले सोनप्रयाग कोतवाली में ज्ञापन देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने जिला प्रशासन से अवैध शराब पर सख्ती से रोक लगाने की मांग की। क्षेत्र पंचायत सदस्य योगिता देवी ने कहा कि अवैध शराब अब गांव–गांव तक पहुंच रही है और नई पीढ़ी भी इसकी चपेट में आ रही है। पूर्व महिला मंगल दल अध्यक्ष कमला देवी ने कहा कि इससे परिवार बरबाद हो रहे हैं इसलिए प्रशासन को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। इस दौरान अशोक सेमवाल आरती देवी पिंकी देवी दीपा देवी राखी देवी विमला देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

# धामी सरकार की पहल, सर्किट हाउस एनेक्सी का होगा कायाकल्प

देहरादून, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा–निर्देशों में राज्य की अतिथि सुविधाओं को आधुनिक और आकर्षक बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इसी क्रम में गुरुवार को राज्य अतिथि गृह सर्किट हाउस एनेक्सी, देहरादून में नवीनीकरण कार्य को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण की अध्यक्षता आवास व राज्य संपत्ति सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने की। इस दौरान उन्होंने नवीनीकरण की प्रस्तावित योजना का गहन अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।



लोकसंस्कृति के साथ विकसित होगा आधुनिक गेस्ट हाउसः निरीक्षण के दौरान यह तय किया गया कि सर्किट हाउस एनेक्सी को केवल मरम्मत तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि इसे उत्तराखंड की सांस्कृतिक पहचान और आधुनिक सुविधाओं के समन्वय के रूप में विकसित किया जाएगा। विशेष रूप से मीटिंग हॉल के संपूर्ण नवीनीकरण के साथ उसकी दीवारों पर राज्य की लोक संस्कृति को दर्शाने वाली पेंटिंग्स लगाने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे यहां आने वाले अतिथियों को प्रदेश की समृद्ध परंपरा की झलक मिल सके।

पहले चरण में कमरों और डोरमैट्री का होगा कायाकल्प : नवीनीकरण कार्य को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। प्रथम चरण में मुख्य भवन के कक्ष संख्या 1 से 12 तक (भूतल के 1 से 6 और प्रथम तल के 7 से 12) का कायाकल्प किया जाएगा। इसके साथ ही डोरमैट्री के भूतल पर स्थित कक्ष संख्या 19 से 22 तक के चार कमरों का भी नवीनीकरण किया जाएगा। इन कमरों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने के साथ उनकी आंतरिक साज–सज्जा को भी बेहतर बनाया जाएगा।

कोरिडोर लाइटिंग और लॉन क्षेत्र में खुलापन बढ़ाने के निर्देश : आवास व राज्य संपत्ति सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने कोरिडोर में बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि आवागमन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।



**मुख्यमंत्री धामी ने एम्स ऋषिकेश पहुंचकर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज के स्वास्थ्य हाल जाना**

देहरादून। मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों से सतपाल महाराज जी के स्वास्थ्य की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को उनके उपचार में सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

## चरस तस्करी के दोषी को छह माह सश्रम कारावास

नई टिहरी। चरस तस्करी के आरोप में अदालत ने एक अभियुक्त को छह माह सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। तस्कर पर पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना अदा नहीं करने पर उसे एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

अभियोजन की ओर से बताया गया कि 29 सितंबर 2025 को पुलिस उप निरीक्षक धनंजय सिंह मुनिकीरेती पुलिस थाना क्षेत्र में रात करीब साढ़े आठ बजे के दौरान गश्त पर थे। इस दौरान माचिस फैक्ट्री के पास चेकिंग करने लगे। इसके कुछ देर बाद ही एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को चेकिंग करते देखकर वापस भागने लगा। शक होने पर पुलिस ने उसका पीछा किया तो कुछ दूर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम रामकेश निवासी ग्राम खड़वाली थाना सदर जिला रोहतक हरियाणा हाल निवास हरियाणा टापू भूपतवाला पंतदीप पार्किंग हरिद्वार बताया। तलाशी लेने पर उसके पास एक काली पॅलीथिन में 578 ग्राम चरस बरामद की गई। अभियुक्त को हिरासत में लेने पर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्राथमिकी दर्ज की गई।

जांच–पड़ताल के बाद पुलिस ने 26 नवंबर 2025 को आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) जिला एवं सत्र न्यायाधीश नितिन शर्मा की अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अभियुक्त को चरस तस्करी के आरोप में दोषी पाते हुए उसे छह माह की सजा से दंडित किया है।

### रामलीला समिति ने हिंदू नववर्ष पर नगर में निकाली प्रभातफेरी

नई टिहरी। नव युवक अभियनय श्रीकृष्ण लीला समिति 1952 टिहरी ने हिंदू नववर्ष पर नव दुर्गा मंदिर से प्रभात फेरी निकालकर बौराड़ी स्टेडियम स्थिति रामलीला मंच में हवन पूजन कर नगर के सुख–समृद्धि की कामना की। रामलीला समिति के अध्यक्ष देवेंद्र नौडियाल ने कहा कि हिंदू चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से चैत्र नवरात्र भी शुरू होते है। यह पर्व वसंत ऋतु के आगमन और जीवन में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करता है। इससे पूर्व रामलीला समिति से जुड़े लोगों ने और फुलवारी (फुलदेई) बच्चों ने गीता भवन, जानकी मंदिर, सतेश्वर महादेव होते हुए बौराड़ी स्टेडियम तक प्रभात फेरी निकाली। बच्चों ने मंदिरों की देहरी पर फूल डाले। रामलीला मंच में हवन पूजन के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया।

## मांडूवाला के जंगल में मिला था महिला का शव,पुलिस ने किया खुलासा

### – पति ने की थी पत्नी की हत्या, शव को कट्टे में डालकर जंगल में फेंका

देहरादून। प्रेमनगर थानाक्षेत्र के मांडूवाला स्थित जंगल में 11 मार्च को जिस महिला की सड़ी–गली लाश मिली थी उसका हत्यारोपी पति ही निकला। पुलिस ने बृहस्पतिवार को हत्यारोपी को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया। आरोपी ने दूसरी पत्नी से बात करने का विरोध करने पर गला दबाकर हत्या करने की बात कबूली है। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने प्रेसवार्ता में बताया कि आरोपी रंजीत शर्मा मूलरूप से बिहार के सहरसा जिले का रहने वाला है। वर्ष 2009 में उसकी शादी रूपा से हुई थी। करीब चार वर्ष पहले 2021 में रूपा ने पति को छोड़कर दूसरे युवक से विवाह कर लिया। इसके बाद रंजीत ने भी पास के गांव में रहने वाली सुशीला नाम की



महिला से शादी कर ली। करीब एक वर्ष पहले रूपा अपने दूसरे पति को छोड़कर उसके पास वापस आ गई। रूपा के साथ 11 महीने की बेटी भी थी। दोनों पत्नियां गांव में रह रहीं थी। रंजीत देहरादून के भाटोवाला में रहकर मजदूरी करता था। पिछले महीने 23 तारीख को रूपा अपनी बच्ची को लेकर देहरादून आई थी।

वह लगातार रंजीत पर दूसरी पत्नी को छोड़ने का दबाव बना रही थी। पांच मार्च को रंजीत अपनी दूसरी पत्नी सुशीला से फोन पर बात कर रहा था। रूपा ने उसका फोन छीन लिया। इस बात पर दोनों के बीच झगड़ा हो गया। रंजीत ने गुस्से में आकर रूपा का गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के करीब तीन दिन बाद आठ मार्च को उसने शव को बोरे में भरकर मांडूवाला के जंगल में फेंक दिया। इसके लिए उसने अपने ठेकेदार की बाइक ली थी। इसमें बांधकर उसने शव को जंगल तक पहुंचाया। होली के बाद रंजीत के अकेले काम पर जाने से पुलिस को हुआ शकः घटना के बाद पुलिस ने महिला के कपड़े और हुलिये से यह अंदाजा लगा लिया था कि वह किसी मलिन बस्ती की रहने वाली है। इसके बाद पुलिस ने क्षेत्र की सभी मलिन बस्तियों में रहने वाले लोगों से जानकारी जुटाई। साथ ही 30 से अधिक मलिन बस्तियों में रहने वाले करीब पांच हजार लोगों का सत्यापन किया। मामले के खुलासे के लिए पुलिस की आठ टीमें काम कर रहीं थीं। कई दिनों की तहकीकात के बाद पुलिस को एक व्यक्ति के संदेहास्पद होने की सूचना मिली।

## सिरखोल–भरपूर सड़क का डामर उखड़ने से बनी है खस्ताहाल

नई टिहरी। प्रतापनगर के सिरखोली–भरपूर सड़क का डामरीकरण उखड़ने से सड़क खस्ताहाल बनी है। लोग जान जोखिम में डालकर आवाजाही करने को मजबूर हैं। सिरखोल–भरपूर छह किलोमीटर सड़क का डामरीकरण वर्ष 2019 में पीएमजीएसवाई ने किया था तब यह पीएमजीएसवाई के पास थी। डामरीकरण उखड़ने से सड़क पर बड़े–बड़े गड्ढे बन चुके हैं। ग्राम पंचायत भरपूर की ग्राम प्रधान आरती कलूड़ा, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य संदीप कलूड़ा, राज्य आंदोलनकारी देवी सिंह पंवार ने बताया कि ग्रामीणों की ओर से लंबे समय सड़क के डामरीकरण और सुधारीकरण की मांग की जा रही है लेकिन सड़क डामरीकरण नहीं हो पाया है। 25 मार्च से भरपूर गांव में भैरव देवता मंदिर में भव्य कथा का



आयोजन होना है। सिरखोल–भरपूर सड़क भैतुला खाल को जोड़ती है सिरखोली से भरपूर तक का हिस्सा लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड बौराड़ी के पास अधीन आने के बाद एक बार भी सुधारीकरण कार्य नहीं किया गया। जबकि आगे–पीछे सड़क पीएमजीएसवाई के पास है। सड़क का डामरीकरण उखड़ने से जगह–जगह बजरी फैली है जिससे दोपहिया वाहन चालक फिसल रहे हैं। सड़क की सुरक्षा दीवार और पैराफिट भी जगह–जगह क्षतिग्रस्त है। सड़क सुधारीकरण के लिए कई बार विभागीय अधिकारियों के पास शिकायत दर्ज करवाई गई लेकिन मरम्मत नहीं हो पाई। सड़क का सुधारीकरण कार्य नहीं होने पर उन्हें मजबूर होकर विभागीय अधीक्षण अभियंता के पास शिकायत दर्ज करनी पड़ी। इस बाबत लोनिवि के अधीक्षण अभियंता केएस नेगी ने कहा कि सड़क का डामरीकरण का प्रस्ताव पूर्व में शासन को भेजा जा चुका है। धनराशि मिलते सड़क का डामरीकरण कार्य करवा दिया जाएगा।

### गैरसैंण अस्पताल को मिला ईएनटी विशेषज्ञ

चमोली। उपजिला चिकित्सालय गैरसैंण को एक विशेषज्ञ ईएनटी मिला है। शासन की ओर से ईएनटी डॉ. अमन सैफी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चकराता से उपजिला चिकित्सालय गैरसैंण में तैनाती दी गई है। ईएनटी की नियुक्ति होने से लोगों को अब कर्णप्रयाग, चौखुटिया, श्रीनगर आदि अस्पतालों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। नगर पंचायत अध्यक्ष मोहन भंडारी ने कहा कि अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए लगातार आंदोलन किया जा रहा है।

अब इसका फायदा ग्रामीणों को मिलेगा। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अभिषेक गुप्ता ने बताया कि अस्पताल में ईएनटी की तैनाती होने से लोगों को लाभ मिलेगा। वहीं अन्य चिकित्सकों की नियुक्ति के लिए लगातार पत्राचार किया जा रहा है।

## ऋषिकेश–गंगोत्री हाईवे पर बने गड्ढे हादसों को दे रहे न्योता

नई टिहरी। ऋषिकेश–गंगोत्री हाईवे पर भद्रकाली से नरेंद्रनगर के बीच जगह–जगह गड्ढे बने हैं। सड़क पर बने गड्ढे दुर्घटना को न्योता दे रहे हैं। छह माह से अधिक समय बीत जाने के बाद मरम्मत कार्य नहीं हो पाया। गत वर्ष आपदा से ऋषिकेश–गंगोत्री हाईवे जगह–जगह क्षतिग्रस्त हो हुआ था। भद्रकाली और नरेंद्रनगर के बीच ओणीबैंड, गुजर डेरा, पॉलिटेक्निक कॉलेज सहित कई जगहों पर हाईवे क्षतिग्रस्त हो गया था,जिससे सड़क पर गड्ढे बन गए थे।

छह माह बाद भी बीआरओ की ओर से हाईवे की मरम्मत का कार्य नहीं करवाया जा सका। पॉलिटेक्निक कॉलेज के मोड़ पर बने गड्ढों के कारण आवाजाही जोखिम भरी बनी है। हालांकि



आगामी चारधाम यात्रा को देखते हुए एक माह पूर्व से बीआरओ ने सड़क मरम्मत कार्य शुरु करवा दिया था लेकिन चारधाम यात्रा के प्रवेश द्वार भद्रकाली के पास बने गड्ढे को अभी तक ठीक नहीं करवाए जा सके। हाल ही गुर्जर डेरा के पास कार चालक के हाईवे पर बने गड्ढों से बचाने के लिए गलत साइड पर चले जाने से सामने से आ रहे ट्रक से टक्कर हो गई। गनीमत रही चालकों की सुझबूझ से बड़ी दुर्घटना होने से बच गई। चारधाम यात्रा के लिए करीब एक माह का समय बचा है, बीआरओ को इस बीच ऋषिकेश–गंगोत्री हाईवे को दुरूस्त करना किसी चुनौती से कम नहीं है।

बीआरओ राजमार्ग की देखरेख ठेकेदार के माध्यमों से करता है। संबंधित ठेकेदार ने हाईवे को ठीक करने का कार्य शुरू कर दिया था। इसी दौरान मध्य एशिया में युद्ध छिड़ने के कारण एलपीजी की किल्लत हो गई। बीच त्योहार पढ़ने के कारण से मजदूर भी छुट्टी पर चले गए। एक सप्ताह के भीतर हाईवे मरम्मत का कार्य फिर से शुरू हो जाएगा।

## नव संवत्सर पर सांस्कृतिक शोभायात्रा, जयकारों से गूंजा बाजार

अल्मोड़ा। हिन्दू सेवा समिति द्वारा नव संवत्सर के अवसर पर सिद्धि नोला पलटन बाजार से नंदा देवी मंदिर तक भव्य सांस्कृतिक शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर व्यापारियों ने जलपान की व्यवस्था कर स्वागत किया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में बच्चे, महिलाएं और शहर के नागरिक शामिल हुए। सांस्कृतिक दलों, बच्चों और महिलाओं द्वारा लगाए गए माता के जयकारों से पूरा बाजार गूंज उठा और वातावरण भक्तिमय बना रहा। विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में प्रतिभाग कर शोभायात्रा को आकर्षक बनाया। समिति पिछले 11 वर्षों से इस आयोजन का निरंतर आयोजन करती आ रही है। आयोजन का उद्देश्य



नव संवत्सर की शुभकामनाएं देना और सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष अजीत कार्की, विधायक मनोज तिवारी, पूर्व विधायक रघुनाथ चौहान, सुशील साह, कमल साह, नीरज बोरा, हरीश कनवाल, भैरव गोस्वामी, आशु गोस्वामी, पवन साह, पार्षद वैभव पांडे, गुंजन चम्याल, दीपक कुमार, अनुप भारती, दिनेश पांडे, दीपक शाह, भूपेंद्र भोज, आशीष वर्मा, रवि रौतेला, विपुल कार्की, पूरन रौतेला, बिन्नी वैष्णव, तारु जोशी, दीप डांगी, अमन नज्जोन, कार्तिक साह, निर्मल रावत, दर्शन रावत, प्रकाश भट्ट, विनीत बिष्ट, कैलाश गुरुरानी, प्रकाश बिष्ट सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### फाटा में आईटीआई खोलने की मांग

रुद्रप्रयाग। फाटा क्षेत्र में आईटीआई खोलने की मांग के लिए भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री एवं जिला पंचायत सदस्य अमित मैखंडी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंपा

। उन्होंने बताया कि फाटा और आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में युवा तकनीकी शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं लेकिन आईटीआई न होने के कारण उन्हें दूर जाना पड़ता है। क्षेत्र में आईटीआई खुलने से युवाओं को स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर मिल सकेंगे। मुख्यमंत्री ने मामले में सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को तकनीकी शिक्षा और रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

## पालिका का डंपिंग जोन बनेगा एमआरएफ सेंटर

चमोली। नगर पालिका के डंपिंग जोन को एमआरएफ (मटीरियल रिकवरी फैसिलिटी) सेंटर बनाया जाएगा। जहां नगर के जैविक और अजैविक कूड़े का अलग–अलग किया जाएगा। साथ ही बचे कूड़े की खाद बनाई जाएगी। पालिका की ओर से 81 लाख की डीपीआर तैयार की गई है। एमआरएफ सेंटर के बनने से पालिका की कूड़े के निस्तारण की समस्या दूर होगी। नगर के सात वार्डों के कूड़े को मोबाइल वाहन सहित अन्य माध्यम से पंचपुलिया स्थित कूड़ा डंपिंग जोन में डाला जाता है लेकिन प्रतिदिन कूड़ा ज्यादा होने से कूड़ा डंपिंग जोन भरने लगा है। ऐसे में पालिका ने नए कूड़े डंपिंग जोन के लिए भूमि चयन प्रक्रिया की लेकिन ग्रामीणों के विरोध के बाद मामला लटक गया। अब पालिका पंचपुलिया स्थित डंपिंग जोन को एमआरएफ सेंटर में बदलने जा रही है। वहां मौजूद डंप कूड़े का निस्तारण किया जाएगा। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी नरेंद्र सिंह रावत ने बताया जल्द डीपीआर शासन को भेजी जाएगी। वहीं पालिकाध्यक्ष गणेश शाह का कहना है कि एमआरएफ सेंटर के बनने से कूड़े के निस्तारण में आसानी होगी। साथ ही कूड़े के बिकने से पालिका की आय भी बढ़ेगी और पालिका की कूड़ा डंपिंग की समस्या भी दूर होगी।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं का टोल प्लाजा पर प्रदर्शन



ऋषिकेश। लच्छीवाला टोल प्लाजा के प्रबंधक मनीष नेगी के साथ की गई मारपीट को लेकर गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। मारपीट में शामिल आरोपियों के राजनीतिक दल से जुड़ा होने का दावा करते हुए कार्यकर्ताओं ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लच्छीवाला टोल प्लाजा पर प्रदर्शन किया। धरना देकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। मौके पर पहुंची पुलिस से धरने पर डटे कार्यकर्ताओं की तीखी बहस भी हुई। जिपं अध्यक्ष ने उठाई गिरफ्तारी की मांगगुरुवार सुबह कांग्रेस नगर अध्यक्ष करतार सिंह नेगी कार्यकर्ताओं के साथ लच्छीवाला टोल प्लाजा पहुंचे। उन्होंने सांकेतिक धरना देते हुए प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने मारपीट के आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। झगड़े में टोल प्रबंधन की भूमिका की जांच का मुद्दा उठाया। इसी बीच प्रदर्शन में जिला पंचायत अध्यक्ष सुखविंदर कौर भी पहुंचीं। उन्होंने कहा कि टोल प्लाजा जैसे सार्वजनिक स्थल पर दिनदहाड़े इस तरह की घटना चिंताजनक है।

उन्होंने पुलिस को मामले में प्रभावी कार्रवाई के लिए कहा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल ने कहा कि यह घटना सिर्फ टोल प्रबंधक पर नहीं, बल्कि आम लोगों की सुरक्षा पर सीधा हमला है। दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार नहीं किया गया तो कांग्रेस आंदोलन को बाध्य होगी। नगर अध्यक्ष करतार सिंह नेगी ने कहा कि टोल प्लाजा पर हुई घटना से डोईवाला के लोगों में भय का माहौल है।

### ग्रामीण सड़कों की गुणवत्ता का रखें ध्यान : डीएम

रुद्रप्रयाग। जिले में ग्रामीण सड़कों की गुणवत्ता और सुरक्षा को लेकर जिलाधिकारी ने पीएमजीएसवाई को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पीएमजीएसवाई–4 के तहत स्वीकृत 102 सड़कों का विभाजन तैयार कर उनका पूरा विवरण उपलब्ध कराया जाए। प्रत्येक सड़क की लंबाई वर्तमान स्थिति रखरखाव और जिम्मेदारी स्पष्ट दर्ज की जाए ताकि कार्ययोजना सही तरीके से बनाई जा सके। जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने स्पष्ट किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कें विकास की आधारशिला हैं इसलिए उनकी गुणवत्ता और नियमित देखभाल सुनिश्चित की जाए। साथ ही सभी तकनीकी अभिलेख अद्यतन रखे जाएं। उन्होंने ब्रिज एंड रूफ विभाग की ओर से बनाए गए पुलों की स्थिति को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए।

## टेनिस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में यश्विन, ओम, स्वनिका, जया

देहरादून। शांति टेनिस अकादमी डालनवाला में चल रही इंडियन ट्री जूनियर्स आईटीएफ(जे 60) टेनिस प्रतियोगिता के पांचवें दिन गुरुवार को रोमांचक मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता में देश–विदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। बालक वर्ग के सिंगल्स मुकाबलों में कोर्ट नंबर–01 पर यस्विन दहिया ने आदित्य मौर को एकतरफा मुकाबले में 6–0, 6–2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। कोर्ट नंबर–02 पर ओम वर्मा ने सिवतेज सिरफुले को 6–2, 7–6(2) से पराजित किया। कोर्ट नंबर–03 पर देव विपुल पटेल ने आरव चावला को 6–3, 6–2 से हराकर अंतिम चार में स्थान बनाया। बालिका वर्ग में कड़े मुकाबले देखने को मिले। कोर्ट नंबर–01 पर यूएसए की स्वनिका राय ने भारत की दिया चौधरी को 4–6, 6–3, 6–2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। कोर्ट नंबर–02 पर जया कपूर ने दीपशिखा विनियागामूर्थी को 3–6, 6–3, 6–2 से हराकर उलटफेर किया। वहीं कारथिका पदमाकुमार ने समारिका कोहली को 6–2, 6–4 से पराजित किया। कोर्ट नंबर–04 पर इहा जोशी ने दिशा कुमार को 7–6(2), 6–2 से हराया।

इसी कोर्ट पर हर्षित कतकम ने भी 6–4, 3–6, 6–3 से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। डबल्स मुकाबलों में हांगकांग के एलेक्स लैप हंक हुइ और आदित्य मौर की जोड़ी ने वीरेन्द्र मदाम व पंसुल ओबोवेजा को 6–4, 6–2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com